सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 199 | इंदौर, सोमवार 02 फरवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

केंद्रीय बजट का विश्लेषण

## रोजगार सृजन के साथ निवेश बढ़ाने पर जोर दिया

डॉ. आशा साखी गुप्ता
(प्रो.अर्थशास्त्र)
(शहिद भीमा नायक पीजी कॉलेज बड़वानी)



देश की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने लंबे अनुभव के साथ लगातार 9 वां बजट पेश किया है। बजट के अंतर्गत विकसित भारत 2047 की संकल्पना के लिए आत्मनिर्भर भारत, समावेशी विकास ,रोजगार सृजन के साथ निवेश बढ़ाने पर जोर दिया गया है ताकि गरीबी हटाकर शोषित तथा वंचितों पर ध्यान दिया जा सके। बजट के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए विकास के चार प्रमुख इंजन निर्धारित किए गए हैं'- कृषि, एमएसएमई, विनियोग तथा निर्यात कृषि क्षेत्र में सीड मिशन के माध्यम से कृषि उत्पादकता को बढ़ावा दिया जाएगा ।किसानों के अल्पकालिक ऋणों की जरूरत को पूरा करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड को बढ़ावा दिया जाएगा । इससे कृषि क्षेत्र में उन्नत कृषि को बढ़ावा मिलेगा । एमएसएमई का दायरा बढ़ाया गया है इससे नवीन व छोटे उद्यमी प्रोत्साहित होंगे ।उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलेगा । छोटे उद्योगों को 5 लाख तक की आर्थिक सहायता उद्यम विस्तार में सहायक होगी। इससे नवाचार को भी बढ़ेगा विनियोग को प्रोत्साहित कर निर्यात को बढ़ावा देने से आर्थिक विकास दर बढ़ेगी l AI उन्नत तकनीक का सुशासन में प्रयोग सराहनीय कदम है। वर्तमान बजट में कर सुधारो को आसान बनाया गया है जिससे करदाताओं को सुविधा होगी स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से जीवन रक्षक दवाइयां में छूट दी गई है। वित्त मंत्री के अनुसार' देश भूमि से नहीं बनता अपने नागरिकों से बनता है 'अतः सबका साथ सबके विकास से ही हम विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे।

केंद्रीय बजट का विश्लेषण

## यह बजट आत्मनिर्भता सामाजिक समावेश को बढ़ावा देता

महेंद्र पालीवाल (एमआरपी)
(वित्तीय सलाहकार)
प्रबंध निदेशक एक्सफंड्स
फ़िन्सर्व प्रा लिमिटेड



**यह बजट उदयमान भारत के लिए विकास-उन्मुख रूप से तैयार किया गया है — बड़े भौतिक निवेश, डिजिटल और आधुनिक उद्योगों, कृषि तथा स्वास्थ्य सेवा, और वित्तीय सुधारों पर जोर रखते हुए। कर संरचना में बड़ा बदलाव सीमित रखते हुए, यह बजट दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समावेश को बढ़ावा देता है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डेली कॉलेज इंदौर में कार्यक्रम को किया संबोधित

# सनातन व्यवस्था के संस्कार जीवन को संतुलित स्वस्थ और मूल्यवान बनाने की है वैज्ञानिक पद्धति

- चिकित्सा विश्वविद्यालयों में की जाएगी गर्भ संस्कार के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में परंपरा और विज्ञान कभी अलग-अलग नहीं रहे। सनातन व्यवस्था के संस्कार केवल धार्मिक व्यवस्था नहीं बल्कि जीवन को संतुलित, स्वस्थ और मूल्यवान बनाने की वैज्ञानिक पद्धति है। गर्भ में पल रहे शिशु को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से संस्कारित करना ही गर्भ संस्कार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में बनने वाले शासकीय चिकित्सालयों के भवनों में गर्भ संस्कार कक्ष बनाए जाएंगे। प्रदेश के चिकित्सा विश्वविद्यालयों और उनसे जुड़े महाविद्यालयों में गर्भ संस्कार के अध्ययन अध्यापन की व्यवस्था की जाएगी, शीघ्र ही इससे संबंधित गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर के डेली कॉलेज में गर्भ संस्कार पुस्तक विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित और भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अंग वस्त्रम तथा श्रीफल भेंट कर उनका अभिवादन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुस्तक 'गर्भ संस्कार' का विमोचन किया। पुस्तक के लेखक डॉ. अनिल गर्ग और डॉ. सीमा गर्ग हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थित जन समुदाय को गर्भ संस्कार का प्रचार- प्रसार करने के लिए सकारात्मक प्रयास करने का संकल्प भी दिलाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पद्मश्री डॉ. नारायण व्यास का सम्मान भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मातृत्व केवल जैविक प्रक्रिया नहीं है, गर्भ शरीर निर्माण के साथ संस्कार की पहली पाठशाला भी है। आधुनिक विज्ञान ने सिद्ध किया है कि 5-6 महीने से ही बच्चे पर माँ की भावनाओं और बाह्य वातावरण का प्रभाव पढ़ने लगता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाभारत में अभिमन्यु तथा अन्य पौराणिक संदर्भ देते हुए कहा कि हमारे पूर्वज मानसिक और भावनात्मक विकास की गहरी समझ रखते थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा



कि आयुर्वेद की सामर्थ्य सर्वविदित है। कोविड काल में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और कोविड से बचाव के लिए सभी चिकित्सा पद्धतियों ने आयुर्वेद की प्रक्रियाओं अपनाया। आयुर्वेद में गर्भ संस्कार के महत्व को स्वीकारा गया है। वर्तमान में आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी गर्भ संस्कार के महत्व को स्वीकार कर रहा है। अखिल भारतीय कार्यकारणी सदस्य श्री भय्याजी जोशी ने कहा कि भारत का चिंतन विश्व को संचालित करने का नहीं, बल्कि मार्गदर्शन करने का है। भारत "सुपर राष्ट्र" बनेगा, जो जीवन के विविध क्षेत्रों में दुनिया को सही दिशा दिखाएगा। उन्होंने कहा कि सृष्टि के चक्र में भारत ने उत्थान और पतन दोनों देखे हैं, लेकिन उसकी आत्मिक शक्ति और बीज रूप में सामर्थ्य इतनी मजबूत है कि वह फिर उठ खड़ा होने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ मनुष्य का निर्माण केवल शिक्षा या भौतिक संपदा से नहीं, बल्कि सुशिक्षा और सुसंस्कार से ही संभव है। मानव संपदा के बिना राष्ट्र का उत्थान संभव नहीं।

कार्यक्रम को डॉ. अनिल कुमार गर्ग और डॉ. हितेश भाई जानी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री महेन्द्र हार्डिया और श्री गोलू शुक्ला, जनप्रतिनिधि, आरोग्य भारती के श्री अशोक वार्ष्णेय, श्री योगेंद्र महंत, श्री गुणवंत कोठारी, श्री विनोद अग्रवाल, श्री विक्रम सिंह पवार, डॉ. हितेश भाई जानी, श्री राधेश्याम शर्मा गुरु जी और डॉ. अनिल कुमार गर्ग सहित आध्यात्मिक-धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# कैंसर की 17 दवाएं सस्ती, शराब महंगी हो सकती है, ट्रेडिंग पर भी टैक्स बढ़ा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बजट में अब बस इम्पोर्ट ड्यूटी के घटने-बढ़ने से सामानों के दाम थोड़े बहुत ऊपर-नीचे होते हैं। ज्यादातर चीजों के दाम GST काउंसिल तय करती है।

**सस्ता- 1. कैंसर की दवाइयां सस्ती : 17 लाइफ सेविंग ड्रग्स पर कस्टम ड्यूटी खत्म-** सरकार ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 17 दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी हटा दी है। इसके अलावा, 7 दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए बाहर से मंगवाई जाने वाली दवाओं और स्पेशल फूड पर भी अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। इससे उन परिवारों को बड़ी आर्थिक मदद मिलेगी जो इलाज के लिए महंगी विदेशी दवाओं पर निर्भर हैं।

**2.माइक्रोवेव ओवन सस्ते : पुर्जों पर ड्यूटी घटी, घरेलू मैन्युफैक्चरिंग बढ़ेगी-** घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में कुछ अहम बदलाव किए हैं। अब माइक्रोवेव ओवन बनाने में इस्तेमाल होने वाले खास पार्ट्स पर कस्टम ड्यूटी कम कर दी गई है। इससे आने वाले दिनों में माइक्रोवेव की कीमतों में कमी आ सकती है। सरकार का लक्ष्य है कि भारत कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के मामले में दुनिया का हब बने।

**3. EV बैटरी और सोलर पैनल सस्ते : इसे बनाने का कच्चा माल हुआ टैक्स फ्री-** एनर्जी ट्रांजैक्शन को देखते हुए सरकार ने लिथियम-आयन बैटरी बनाने वाली मशीनों पर मिलने वाली टैक्स छूट का दायरा बढ़ा दिया है। अब बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम के लिए इस्तेमाल होने वाले सामान पर भी ड्यूटी नहीं लगेगी। वहीं, सोलर ग्लास बनाने में इस्तेमाल होने वाले 'सोडियम एंटीमोनेट' पर भी ड्यूटी हटा दी गई है, जिससे देश में सोलर पैनल बनाना सस्ता होगा।

**4. जूते, कपड़े सस्ते हो सकते हैं : एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए कच्चे माल पर छूट-** एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए समुद्री उत्पाद, लेदर और टेक्सटाइल सेक्टर के लिए घोषणाएं हुई हैं। सी-फूड एक्सपोर्ट के लिए ड्यूटी फ्री इम्पोर्ट की लिमिट 1% से बढ़ाकर 3% हो गई है। लेदर और सिंथेटिक जूतों के साथ अब 'शू अपर्स' के एक्सपोर्ट पर टैक्स छूट मिलेगी। सस्ता क्यों होगा : जब कंपनियों को सामान बनाने के लिए कच्चा माल सस्ता मिलेगा, तो प्रॉडक्शन की लागत घटेगी। अगर कंपनियां इसका फायदा ग्राहकों तक पहुंचाती हैं, तो लेदर के जूते, स्पोर्ट्स शूज और सी-फूड की कीमतें घट सकती है या कम से कम दाम स्थिर रहेंगे।

**5. विदेश घूमना सस्ता होगा : सरकार ने टैक्स घटाकर 2% किया-** अब विदेश यात्रा के 'टूर पैकेज' बुक करना सस्ता हो जाएगा। पहले 10 लाख रुपए तक के खर्च पर 5% और उससे ज्यादा पर 20% टैक्स (TCS) लगता था। इसे अब घटाकर सीधा 2% कर दिया गया है। अब इसमें रकम की कोई लिमिट भी नहीं है।

# भारत को विश्व की सर्वोच्च अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प है केंद्रीय बजट : मुख्यमंत्री डॉ यादव

### विनिर्माण, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, वस्त्र उद्योग, पर्यटन, स्वास्थ्य, शहरी विकास जैसे क्षेत्रों के लिए केंद्रीय बजट में समुचित प्रावधान

## ● मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में केंद्रीय बजट पर विषय विशेषज्ञों से किया संवाद



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का बजट विकसित भारत @2047 के लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में प्रभावी कदम है। बजट गरीबों, युवाओं, अन्नदाताओं और महिलाओं पर केंद्रित है। यह बजट विकास को और अधिक गति देगा तथा भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्थान दिलवाले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आर्थिक प्रगति को बढ़ाना, जनसामान्य की उम्मीदों को पूरा करना और 'सबका साथ- सबका विकास' बजट की मुख्य विशेषता है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने केंद्रीय बजट 2026-27 के लिए प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी तथा केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण का अभिवादन किया।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सुझाव था कि केंद्रीय बजट पर प्रत्येक जिले में व्यापक चर्चा हो जिससे आमजन में इसकी समझ बढ़े। इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव के मुख्य आतिथ्य में इंदौर स्थित डेली कॉलेज में अनुभवी सीए, अर्थशास्त्री, प्रोफेशनल्स, डॉक्टर्स और आर्थिक विशेषज्ञों के साथ केंद्रीय बजट के सजीव प्रसारण उपरांत संवाद और विश्लेषण किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों ने केंद्रीय बजट की मुक्तकंठ से प्रशंसा की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 1947 में ही पड़ोसी देश भी आजाद हुआ लेकिन उसकी अर्थव्यवस्था ऋण के भरोसे लाचारी से चल रही है। उन्होंने कहा कि टैरिफ के दौर में प्रधानमंत्री श्री मोदी आर्थिक तरक्की के रास्ते निकालना जानते हैं, जिसका जीवंत उदाहरण आज प्रस्तुत केंद्रीय बजट है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय बजट में भारत के लिए बताए गए तीन कर्तव्य देश की आर्थिक प्रगति को और बढ़ावा देंगे। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में भारत विश्व की सर्वोच्च अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प इस बजट में परिलक्षित होता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 5 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के विकास और सभी शहरी आर्थिक क्षेत्रों पर 5 साल में 5000 करोड रुपए खर्च करने, छोटे शहरों में तीर्थ स्थल विकसित करने, प्रत्येक जिले में एक महिला छात्रावास के निर्माण और जिला अस्पतालों को अपग्रेड करने की व्यवस्था से प्रदेश को बहुत लाभ होगा। केयर इकोसिस्टम के माध्यम से बुजुर्गों का सही समय पर इलाज और गंभीर बीमारियों के लिए सस्ती दवाइयों के प्रावधान से भी सभी वर्गों का फायदा होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केंद्रीय बजट में भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में ठोस कदम दर्शाए गए हैं। देश को बायोफार्मा हब बनाने, विनिर्माण क्षेत्र में रणनीतिक विकास तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेक्टर में अनुसंधान और विकास के लिए पर्याप्त धनराशि का प्रबंध किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट द्वारा पर्यटन स्थलों पर गाइड रखकर रोजगार के नए अवसर सृजित करने के प्रयास किए गए हैं, इसके साथ ही पुरातत्व की दृष्टि से समृद्ध स्थलों को पर्यटन के लिए खोलने के निर्णय से प्राचीन विरासत को बेहतर रूप से समझने का अवसर मिलेगा। विदेशी पर्यटकों के लिए टैक्स में दो प्रतिशत की छूट से वैश्विक स्तर पर पर्यटन की दृष्टि से भारत आकर्षक गंतव्य बनेगा। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार हेलीकॉप्टर सेवा में वीजीएफ देकर प्रोत्साहन दे रही है और केंद्र सरकार की सीप्लेन योजना से पर्यटन सुविधाओं का और अधिक विस्तार होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय बजट में वस्त्र और परिधान उद्योग में सुधारों पर बल दिया गया है, इससे मध्य प्रदेश को भी लाभ मिलेगा। नेशनल हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट प्रोग्राम, महात्मा गांधी ग्राम स्वराज इनिशिएटिव और मेगा टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना से देश और प्रदेश के बुनकरों और हैंडलूम उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्य प्रदेश को पीएम मित्र पार्क के रूप में टेक्सटाइल क्षेत्र की बड़ी सौगात दी है इससे तीन लाख लोगों को रोजगार के अवसर मिलने के साथ ही 6 लाख किसानों को लाभ होगा। इस पार्क से प्रदेश का मालवा-निमाड़ अंचल नई उड़ान के लिए तैयार है। केंद्र सरकार की वस्त्र और परिधान उद्योग की दूरगामी नीतियों से संपूर्ण राष्ट्र के साथ-साथ मध्य प्रदेश को भी विशेष लाभ होगा।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि केंद्रीय बजट में छोटे करदाताओं के लिए आयकर प्रक्रिया आसान की गई है। केंद्रीय बजट में राजकोषीय घाटे का 4.3 प्रतिशत का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो मध्यप्रदेश के लिए भी लाभकारी होगा। उन्होंने कहा कि राज्यों के लिए 1 लाख 40 हजार करोड़ रुपए के अनुदान का प्रावधान किया गया है, जिससे प्रदेश भी लाभान्वित होगा। रेयर अर्थ कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर मिशन2.0 और हाइ स्पीड रेल कारिडोर से अधोसंरचना विकास को और गति मिलेगी। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्रीमती मालिनी गौड़ और श्री महेंद्र हार्डिया,विधायक गोलू शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## कटाक्ष




# सोशल मीडिया से रहे सावधान, जरा सी चूक बन सकती है परेशानी

### जागरूकता कार्यशाला में कानून सुरक्षा और नशे को लेकर बच्चों को किया जागरूक



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। सोशल मीडिया पर उतनी ही बातें शेयर करें जो जरूरी है। जीवन की हर छोटी से छोटी घटना या अपनी निजता को प्रदर्शित करना परेशानी का कारण बन सकता है। यह बात साइबर क्राइम ब्रांच के उप निरीक्षक श्री शिवम ठक्कर ने न्यू लाइफ हाई सेकेंडरी स्कूल न्यू मारूति नगर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से आयोजित जागरूकता कार्यशाला में बच्चों को साइबर अपराध से किस तरह बचा जाता है और सोशल मीडिया के दुष्परिणाम की जानकारी देते हुए कहीं। कार्यक्रम में अभिभाषक तुकाराम ठाकरे प्रभारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय इंदौर ने बच्चों को निशुल्क विधिक सहायता उनके अधिकार न्याय पाने की प्रक्रिया के साथ हेल्पलाइन 15100 की जानकारी दी। बाल विवाह विरोधी उड़नदस्ता प्रभारी महेंद्र पाठक ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी विवाह में शामिल होने से पहले वर वधु की उम्र को परखना जरूरी है। ऐसा ना हो कि हम विवाह में शामिल होकर उसके साक्षी बन जाए और हम पर भी अपराध दर्ज हो। बच्चे अपने माता-पिता को अधिनियम की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करने का प्रयास करें जिससे हमारा देश बाल विवाह मुक्त बने। उड़न दस्ता सदस्य संगीता सिंह ने बच्चों को बताया कि उन्हें माता-पिता की बातों को मनाना चाहिए। कभी भी माता-पिता उनका बुरा नहीं चाहते, उनकी हर बात में कोई ना कोई सीख होती है। घर से निकले तो अनजान लोगों से बचें। उनके दिए जाने वाले प्रलोभन में ना आए और खुद की सुरक्षा के लिए प्रयास करें।

चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के माध्यम से अपनी शिकायत पुलिस और प्रशासन तक पहुंचाने की जानकारी भी दी। फिल्म निर्माता राजेंद्र राठौड़ ने बच्चों को नशा मुक्ति के महत्व को समझाते हुए बच्चों के स्वास्थ्य शिक्षा और भविष्य में इसका पढ़ने वाला प्रभाव समझाया। उन्होंने कहा कि बच्चों को नशा मुक्त जीवन की दिशा दिखाने एक स्वस्थ समाज की ओर ले जाने का महत्वपूर्ण कदम है। समारोह में पेरा लिगल वालेंटियर सुनीता ठक्कर और शशि कुशवाहा है कानूनी सहायता लेने के तरीके हेल्पलाइन तथा अन्य जानकारी दी। विद्यालय के प्राचार्य आनंद प्रकाश मिश्रा ने बच्चों को रोचक तरीके से कानून का पालन करने और अपने माता-पिता तक जानकारी भेज कर उन्हें जागरूक करने की बात कही। आभार प्रिया मिश्रा ने माना।

# मैराथन में दौड़ रहे युवक की मौत सीपीआर दिया, पर नहीं बची जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रविवार सुबह मैराथन के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान आर्यन तोदी के रूप में हुई है, जो मूल रूप से कोलकाता का रहने वाला था। आर्यन ने मैराथन में रजिस्ट्रेशन कराया था और दौड़ में शामिल भी हुआ था।**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आर्यन मैराथन पूरी करने के बेहद करीब था। नेहरू स्टेडियम के फिनिश पॉइंट से महज 100 मीटर पहले उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह स्टेडियम के बाहर गिर पड़ा। उस वक्त मैराथन पूरी हो चुकी थी। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. भरत रावत पीछे ही थे।



आर्यन तोदी, मृतक

उन्होंने आर्यन को संभाला, सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) दिया। इसके बाद उसे एम्बुलेंस से एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद आर्यन को बॉम्बे हॉस्पिटल लेकर गए, लेकिन वहां भी उसे मृत ही बताया गया। शुरुआती तौर पर मौत की वजह हार्ट अटैक मानी जा रही है। हालांकि, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. भरत रावत ने बताया कि आर्यन 21 किमी की दौड़ में शामिल था। लौटने के दौरान फिनिश लाइन से कुछ पहले वह अचानक गिरा। दूसरे रनर्स उसे उठाने लगे। तब तक मैं पहुंचा तो उसकी धड़कन बंद हो चुकी थी। उसे तत्काल सीपीआर दिया और एमवाय अस्पताल के पांचवीं मंजिल स्थित आईसीयू में ले गए। वहां भी डॉक्टरों ने कोशिश की, लेकिन उसकी सांसें थम चुकी थीं। डॉ. रावत ने बताया कि आर्यन का परिवार अभी कोलकाता में रहता है, लेकिन मूल रूप से नेपाल के रहने वाले हैं। वे 20 साल पहले नेपाल गए थे तो उसके परिवार से तब बातचीत होती थी। आर्यन यहां अपने चचेरे भाई के साथ रहता था। उसकी मौत की सूचना नेपाल में रह रहे उसके रिश्तेदारों तक भी पहुंच गई है। आर्यन आज पहली बार मैराथन में शामिल नहीं हुआ था। वह पहले भी कई बार पार्टिसिपेट कर चुका था। आर्यन का परिवार नेपाल का काफी प्रतिष्ठित परिवार है। उसके पिता हरीश तोदी बिजनेसमेन हैं और इन दिनों दिल्ली में हैं। आर्यन इंदौर में जल्दी ही फैक्ट्री शुरू करने की तैयारी में था। डॉ. रावत ने बताया कि इंदौर में मैराथन में कार्डियक अरेस्ट से मौत पहला मामला नहीं है। अन्य शहरों में भी ऐसे मामले पहले हुए हैं। ऐसे मामले फिनिश लाइन (दौड़ पूरी खत्म होने के बाद लौटने के दौरान) के पास ही हुए हैं।

# एमआईसी मेंबर ने विभागीय कर्मचारी को रिश्वत लेते पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** नगर निगम की एक कर्मचारी रिश्वत लेते पकड़ी गई है। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। मामला शनिवार का है। निगम मुख्यालय गेट पर कर्मचारी ने हितग्राही आकांक्षा पाल से केवाईसी और आईडी रिकवर करने के बदले 400 रुपए मांगे थे।

जिसकी सूचना हितग्राही ने एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा को दे दी। मामले की सूचना के बाद एमआईसी मेंबर हितग्राही को अपने साथ कार में बैठाकर निगम निगम मुख्यालय पहुंच गए। जब हितग्राही कर्मचारी को पैसे देने लगी तो उसका वीडियो भी बनाया। महिला कर्मचारी में वीडियो बनते देखा तो वह भी चौंक गई। जिसके बाद एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा भी मौके पर पहुंचे और कर्मचारी व



हितग्राही को लेकर ऑफिस आ गए। जहां उन्होंने कर्मचारी और अन्य कर्मचारियों को फटकार भी लगाई। मनीष शर्मा पहले भी कई बार राशन माफियाओं को इस तरह पकड़ चुके हैं। मामले में शनिवार को MIC की मीटिंग होने और रविवार होने के कारण कार्रवाई नहीं हुई है। एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा का कहना है कि इसकी पूरी जांच करवाई जाएगी कि कर्मचारी ने और किसी से भी पैसे लिए है क्या, कर्मचारी पर कार्रवाई भी कराई जाएगी।

# बिचौली मर्दाना में नौकरानी ने की आत्महत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बिचौली मर्दाना इलाके में एक बंगले पर काम करने वाली 18 वर्षीय नौकरानी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर खुड़ैल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। आत्महत्या के कारण फिलहाल अज्ञात बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार मृतिका की पहचान करिश्मा पिता महेश (18 वर्ष) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से पोलाखाल उदयनगर जिला देवास की रहने वाली थी और करीब एक माह पहले ही बिचौली मर्दाना स्थित बंगले में काम पर आई थी। बताया गया कि करिश्मा बंगले के सर्वेंट क्वार्टर में अकेली रहती थी। उसी क्वार्टर में उसने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना का पता चलने पर परिजनों और पुलिस को सूचना दी गई। खुड़ैल थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है और आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। तीन भाई-बहनों में यह बीच की थी। इससे बड़ी एक बहन और एक छोटा भाई भी है।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। 22 साल की एक युवती के साथ एक युवक ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर दिया। उसने कई बार युवती को झूठ बोलकर उसका फायदा उठाया। जब युवती ने शादी का बोला तो वह शादी करने से मना करने लगा और उसे बदनाम करने और जान से मरवाने की धमकी देने लगा। युवती की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

भंवरकुआं पुलिस के मुताबिक 22 वर्षीय युवती की शिकायत पर सचिन चौहान निवासी खंडवा के खिलाफ केस दर्ज किया है। युवती ने पुलिस को बताया कि युवक उसके ही इलाके का रहने वाला है। साल 2023 में उनकी दोस्ती हुई थी। धीरे-धीरे दोनों की दोस्ती गहरी हो गई। इस बीच वह युवती से मिलने के लिए उसके हॉस्टल पहुंच गया। जहां उसने युवती को शादी करने का झांसा दिया। शादी का झांसा देकर उसने कई बार युवती के साथ दुष्कर्म किया। जब युवती ने जब उसे शादी करने का बोला तो वह मना करने लगा। साथ ही वह युवती को धमकाने लगा कि वह उसे बदनाम कर देगा और जान से मरवाने की भी धमकी देने लगा। इधर, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। इधर, बाणगंगा इलाके में नाबालिग के साथ एक युवक ने गलत हरकत कर दी। शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ कायमी की है। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि वह जब कचरा डालकर लिफ्ट से वापस आ रही थी तभी फिल्ट में एक युवक जिसको वह नहीं जानती वह पहले से लिफ्ट में मौजूद था। जब वह लिफ्ट में गई तो युवक ने उसके साथ हरकत तक दी। लिफ्ट से बाहर निकलकर नाबालिग ने घटना अपनी मौसी को बताई और उन्होंने उसका नाम पूछा तो वह भाग गया।

# रोजगार मेला का आयोजन आज 2 फरवरी को

## 500 से अधिक रिक्त पदों पर की जाएगी भर्ती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार इन्दौर जिले में जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर द्वारा आज 02 फरवरी को रोजगार मेला (युवा संगम कार्यक्रम) का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शासकीय महाविद्यालय गुरुकुल परिसर रंगवासा रोड राऊ में प्रातः 10 बजे से 03 बजे तक सम्पन्न होगा। इस आयोजन का उद्देश्य एक ही छत के नीचे रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराना है।

जिला रोजगार कार्यालय के उपसंचालक श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में आवेदकों को कॅरियर बनाने का सुनहरे अवसर के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये लोन की प्रक्रिया संबंधी मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। साथ ही रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियां जैसे- तिस्वा टेक्नोलॉजिस, आईसेक्ट, एसके फाईनेंस, फार्मा ग्रोथ, जस्ट डायल, ओशियन मोटर्स, मोजाईक प्रायवेट लिमिटेड, इंस्टास कनेक्ट्स, थर्ड आई सिक्यूरिटी, मेडप्लस, एसके-1 रिसोर्सेस आदि के 500 से अधिक रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्रारम्भिक रूप से चयन के लिए शामिल होगी। ये कम्पनियां डिजिटल मार्केटिंग, साईट इंजीनियर, क्वालिटी इंजीनियर, रिसेपनिस्ट, एच.आर., बैंक ऑफिस, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फार्मासिस्ट, सैल्स, बीपीओ, पैकेजिंग, हेल्पर, टेक्नीशियन जैसे- फिटर/टर्नर/मशीनिष्ट, वैल्डर आदि के विभिन्न पदों हेतु आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने हेतु कम्पनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगी।

उक्त रोजगार मेले में 18 से 40 वर्ष के युवा शामिल हो सकते है। जिनकी शैक्षणिक योग्यता पाँचवीं/आठवीं/हाईस्कूल से लेकर स्नातकोत्तर बीई/बीटेक (सिविल/ मेकेनिकल/ इलेक्ट्रीकल) विषय में पास एवं तकनीकी योग्यता जैसे-आईटीआई/डिप्लोमा होना चाहिए। रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाले युवा अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों एवं बायोडेटा की प्रतियां भी आवश्यक रूप से साथ लाना अनिवार्य है।

# केयर सीएचएल अस्पताल को अंतिम चेतावनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के केयर सीएचएल चिकित्सालय को स्वास्थ्य विभाग द्वारा अंतिम चेतावनी देते हुए कहा गया है कि वे अस्पताल में मरीजों के भर्ती रहते हुए किसी भी तरह का निर्माण नहीं करें। मरीजों के भर्ती रहते निर्माण कार्य किये जाने से संक्रमण फैलने और दुर्घटना की आशंका रहती है।**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि केयर सीएचएल चिकित्सालय के परिसर में अनाधिकृत अतिक्रमण किए जाने की शिकायत कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्राप्त हुई थी। इसके आधार पर कार्यालय द्वारा पत्र के माध्यम से उत्तर देने के लिए निर्देशित किया गया था, किंतु केयर सीएचएल अस्पताल ने उत्तर देने के लिए 15 दिवस का समय मांगा था। उन्होंने समय अवधि में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया। साथ ही साथ अस्पताल में मरीजों के भर्ती रहते हुए निर्माण कार्य भी उनके द्वारा किया जा रहा है, जिससे मरीजों में संक्रमण फैलने का भय है और यह शासन के आदेशों की स्पष्ट अवहेलना को भी दर्शाता है। इस आधार पर केयर सी.एच.एल. अस्पताल को अंतिम चेतावनी पत्र जारी किया गया है कि उनके द्वारा भविष्य में भी आदेशों की अवहेलना की जाती है एवं मरीजो के भर्ती रहने के दौरान इस प्रकार का निर्माण कार्य किया जाता है तो म.प्र. उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाऐं नियम 1997 (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन अधिनियम 1973) (यथा संशोधित 2021) की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत पंजीयन निरस्ती की कार्यवाही की जायेगी।

# मोबाइल और नगदी लूटने वाले दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में झपटमारी, स्नैचिंग और लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चंदन नगर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ऑटो चालक से मोबाइल और नगदी लूटने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से छीना गया विवो मोबाइल फोन और 500 रुपए नगद बरामद किए गए हैं।**

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी केशव उर्फ छोटू थाना चंदन नगर का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ पहले से 14 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह पूर्व के दो गिरफ्तारी वारंट में भी वांछित था। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर झपटमारी की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए थे। इसी कड़ी में पुलिस उपायुक्त जोन-4 आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दिशेष अग्रवाल और सहायक पुलिस आयुक्त अन्नपूर्णा अनुभाग शिवेन्दु जोशी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चंदन नगर निरीक्षक तिलक करोले को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने केशव उर्फ छोटू (22 वर्ष) निवासी डायमंड पैलेस सिरपुर और शाहरुख (21 वर्ष) निवासी केशव नगर सिरपुर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने ऑटो चालक से लूट की वारदात कबूल की।

## ● बजट के खिलाफ भोपाल में कांग्रेस का झुनझुना लेकर विरोध

# उमंग सिंघार बोले- यह बजट आम जनता के लिए नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। केंद्रीय आम बजट 2026 के खिलाफ राजधानी भोपाल में कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हाथों में झुनझुना लेकर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। यह प्रदर्शन कांग्रेस प्रदेश महामंत्री अमित शर्मा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता और महिलाएं शामिल हुईं।**

प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा कि बजट से उन्हें काफी उम्मीदें थीं, लेकिन सरकार ने महिलाओं, युवाओं और आम जनता के लिए कोई ठोस घोषणा नहीं की। उनका कहना था कि इस बजट में सिर्फ़ वादे हैं, जबकि जमीनी समस्याओं का कोई समाधान नहीं दिया गया, इसलिए वे प्रतीकात्मक रूप से झुनझुना लेकर विरोध दर्ज कराने आई हैं।

### यह बजट आम जनता के लिए नहीं

इधर, मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी केंद्रीय बजट पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह बजट आम जनता के लिए नहीं, बल्कि दिखावे और खोखले वादों का दस्तावेज है। इसमें किसानों, युवाओं, मजदूरों और मध्यम वर्ग की उम्मीदों को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है।

### किसान एमएसपी को लेकर सबसे ज्यादा परेशान

उमंग सिंघार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 से किसानों की आय दोगुनी करने की बात कर रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। मध्यप्रदेश का किसान एमएसपी को लेकर सबसे ज्यादा परेशान है। मक्का जैसी फसलें 800 से 1200 रुपये प्रति क्विंटल में बिक रही हैं, जो लागत से भी कम है। बजट में इस समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया।युवाओं को लेकर उन्होंने कहा कि स्टार्टअप और रोजगार की बातें सिर्फ भाषणों तक सीमित हैं। मध्यप्रदेश के युवाओं को न तो रोजगार मिला और न ही नए अवसर दिखाई दे रहे हैं। मनरेगा के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि बदलाव के बावजूद मजदूरों को काम नहीं मिल रहा और वे पलायन को मजबूर हैं, लेकिन बजट में उनके लिए कोई नया प्रावधान नहीं है।

### जल जीवन मिशन पर भी सवाल

नेता प्रतिपक्ष ने जल जीवन मिशन पर भी सवाल उठाए और कहा कि हर घर नल से जल देने का दावा करने वाली सरकार ने इस योजना के लिए कोई अतिरिक्त बजट नहीं दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बड़े उद्योगपतियों के कर्ज माफ किए जा रहे हैं, जबकि मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों को इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं दी गई। आयुष्मान योजना को लेकर उमंग सिंघार ने कहा कि 70 साल से ऊपर के लोगों को मुफ्त इलाज की घोषणा अच्छी है, लेकिन 70 साल से कम उम्र के करोड़ों गरीब लोगों को बजट में पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है। अंत में उन्होंने कहा कि जनसेवा का अर्थ उद्योगपतियों की सेवा नहीं, बल्कि आम नागरिक की सेवा होना चाहिए। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यही वजह है कि पार्टी सड़क पर उतरकर बजट के खिलाफ विरोध जता रही है।

# महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर देश का नाम करें रोशन : मंत्री श्री कुशवाह

## 135 जरूरतमंद महिलाओं को उपलब्ध कराई "आटा चक्की"

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। सेवा पखवाड़ा एवं विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत सामाजिक न्याय एवं उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह द्वारा अनूठा एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में 135 जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये "आटा-चक्की" मशीनें उपलब्ध कराई गईं। ये सभी ऐसी महिलाएँ हैं जो अभावों में अपने परिवार के साथ जिंदगी बसर कर रहीं हैं। मंत्री श्री कुशवाह ने सीएसआर फंड से "आटा-चक्की" मशीनें उपलब्ध कराई हैं। रविवार को पुराने रेलवे स्टेशन जीवाजीगंज परिसर ग्वालियर में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ।**

सामाजिक न्याय एवं उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि



आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को आत्मनिर्भर बनाकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नए भारत व समृद्ध मध्यप्रदेश के निर्माण का संकल्प लिया है। इसी भावना के साथ आज ग्वालियर में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने "आटा चक्की" मशीनें लेने आईं महिलाओं का आह्वान किया कि आप सब आत्मनिर्भर बनकर देश को मजबूत करें, जिससे प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप अपना देश विश्वभर का नेतृत्व करे। मंत्री श्री कुशवाह ने महिलाओं से यह भी कहा कि यदि परिवार में कोई नशा करता हो तो उसे नशे से दूर करने की पहल भी करें। श्री जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि मंत्री श्री कुशवाह ने आटा चक्की उपलब्ध कराकर जरूरतमंद महिलाएँ को नई ताकत देने का काम किया है। निश्चित ही इससे महिलायें आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगीं। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह द्वारा सीएसआर मद से महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का जो कार्य किया जा रहा है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। श्री अभय चौधरी ने भी जनकल्याण व जरूरतमंदों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह निरंतर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल करते हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री रमेश अग्रवाल, नगर निगम के पूर्व सभापति श्री राकेश माहौर सहित जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में महिलाएँ उपस्थित थीं।

## माघी पूर्णिमा पर रामघाट में उमड़ा आस्था का सैलाब

# उज्जैन में आज से होली उत्सव की विधिवत शुरूआत, डांडा स्थापित किया जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर रविवार को उज्जैन के रामघाट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों श्रद्धालुओं ने शिप्रा नदी में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर देश-विदेश से आए श्रद्धालु सुबह से ही परिवार सहित रामघाट पहुंचे और स्नान के उपरांत दान-पुण्य व विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।**

श्रद्धालुओं का मानना है कि माघी पूर्णिमा का स्नान पूरे माघ मास में किए गए स्नान के बराबर पुण्य प्रदान करता है। इंदिरा नगर निवासी नंदिनी सिकरवार ने बताया कि माघी पूर्णिमा का दिन दुर्लभ योग लेकर आता है, इसी कारण वे पूरे परिवार के साथ शिप्रा स्नान के लिए आई हैं। भूमि सिकरवार ने युवाओं से भी इस परंपरा से जुड़ने और



धार्मिक संस्कारों को आगे बढ़ाने का आग्रह किया।

### पूरे महीने के स्नान का फल मिलता है

पुजारियों के अनुसार जो श्रद्धालु पूरे माघ मास में नियमित स्नान नहीं कर पाते, उन्हें माघी पूर्णिमा के दिन शिप्रा में स्नान करने से पूरे महीने के स्नान का फल प्राप्त होता है। धार्मिक मान्यताओं में इसे प्रयागराज के माघ स्नान के समान पुण्यदायी बताया गया है।

### होली उत्सव की शुरूआत

माघी पूर्णिमा के साथ ही उज्जैन में होली उत्सव की विधिवत शुरुआत भी हो गई है। इस दिन को 'डांडा रोपणी पूर्णिमा' के नाम से जाना जाता है। शहर के प्रमुख चौराहों पर होली का डांडा स्थापित किया जाएगा, जो एक माह बाद होलिका दहन के साथ संपन्न होगा। इसके साथ ही सिंहपुरी स्थित आताल-पाताल भैरव मंदिर परिसर में विश्व की सबसे प्राचीन मानी जाने वाली कंडा होली की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। मंदिर के पुजारी राकेश जोशी ने बताया कि यह परंपरा सदियों पुरानी है और उज्जैन की सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा मानी जाती है।

## साइबर ठगी में नौ आरोपी गिरफ्तार

**देवास।** साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन मैट्रिक्स के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। म्यूल बैंक खातों के जरिए करोड़ों रुपये की साइबर ठगी में लिप्त एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान दो लाख रुपये नकद, 13 लाख रुपये विभिन्न बैंक खातों में फ्रीज, 19 अत्याधुनिक मोबाइल फोन, दर्जनों बैंक दस्तावेज और एक कार जब्त की गई है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (राज्य साइबर सेल) ए. साई मनोहर के निर्देशन में प्रदेशभर में साइबर अपराधियों के वित्तीय नेटवर्क को तोड़ने के लिए ऑपरेशन मैट्रिक्स चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर जिले को म्यूल अकाउंट मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीरसिंह भदौरिया के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देशन में औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध म्यूल बैंक खाते देवास से संचालित हो रहे हैं।

# एमपी में 3 दिन गिरेगा मावठा...आज 25 जिलों में अलर्ट

## सीहोर, मुरैना में घना कोहरा, विजिबिलिटी 50 मीटर; टीकमगढ़ में बूंदाबांदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश में अगले 3 दिन मावठा गिरेगा। मौसम विभाग ने सोमवार को ग्वालियर, रीवा-सागर समेत 25 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, सुबह कोहरे का असर भी देखा गया। इससे पहले रविवार को नीमच, मंदसौर में तेज आंधी-बारिश के साथ ओले भी गिरे। ग्वालियर, धार, मुरैना, उज्जैन समेत कई जिलों में बारिश हुई।**

सोमवार को जिन जिलों में बारिश का अलर्ट है, उनमें ग्वालियर, नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, राजगढ़,



विदिशा, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, दतिया, श्योपुर, मुरैना, भिंड, सागर, दमोह, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली शामिल हैं। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, विदिशा, रायसेन, सीहोर समेत कई जिलों में कोहरे का असर भी देखने को मिल सकता है।

**अगले 3 दिन ऐसा रहेगा मौसम- 3 फरवरी-** ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में बारिश होने के आसार है।

**4 फरवरी-** ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है।

**5 फरवरी-** आंधी-बारिश का अलर्ट नहीं है। ठंड का असर बढ़ सकता है।

# संपादकीय

## नई अर्थव्यवस्था के लिए तैयार होता युवा भारत

भले ही भारत को ट्रंप की वजह से पैदा हुई उथल-पुथल और दुनिया भर में जियोपॉलिटिकल मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, फिर भी भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है, जो 2025-26 में शानदार 7.4% की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। PM मोदी के नेतृत्व में और वित्त मंत्री सीतारमण के मार्गदर्शन में सरकार ने इन मुश्किल हालात में किसी एक दिशा में जोखिम भरा कदम उठाने से अच्छा सही रास्ते पर बने रहने का फैसला किया है। बजट में कई ठोस उपाय शामिल हैं जिनका मकसद देश की विकास गति को स्थिर करना, विकास का आधार बढ़ाना और भारत को निवेश के लिए एक आकर्षक जगह बनाना है। शुरुआत में ही माहौल सेट हो गया था। वित्त मंत्री ने बजट को एक लंबी यात्रा का हिस्सा बताया। वित्त मंत्री ने बजट को एक स्थिर अर्थव्यवस्था में मजबूत नींव वाला एक दूरदर्शी बजट बताया और पिछले साल स्वतंत्रता दिवस के बाद से किए गए 350 से ज्यादा सुधारों का जिक्र किया। बजट भाषण इस बात को अप्रत्यक्ष रूप से स्वीकार करने के लिए भी खास है कि युवाओं के लिए रोजगार पैदा करना एक प्राथमिकता है, लेकिन सरकार सीधे तौर पर लाखों लोगों को नौकरियां देने के मामले में ज्यादा कुछ नहीं कर सकती है और संगठित क्षेत्र भी इस मोर्चे पर सीमित ही कर सकता है। इसके बजाय, फोकस युवाओं को ऐसे कौशल से लैस करने पर है जो नई अर्थव्यवस्था में मूल्यवान हैं और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के साथ FTA होने के बाद खुलने वाले अवसरों के लिए काम आ सकते हैं। बजट रोजगार को खास स्किलिंग पाइपलाइन और सेक्टर से जोड़ता है। उदाहरण के लिए यह एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल्स या पैरा-मेडिक्स के लिए संस्थानों को अपग्रेड करने और उनका विस्तार करने का प्रस्ताव करता है, जिसका लक्ष्य 5 सालों में 1 लाख लोगों को जोड़ना है। यह अगले साल 1.5 लाख केयरगिवर्स को प्रशिक्षित करने का भी प्रस्ताव करता है। एक 'केयर इकोसिस्टम' बनाना जिसमें बुजुर्गों की देखभाल और संबंधित सेवाएं शामिल हैं, जो विकसित अर्थव्यवस्थाओं में, जहां बुजुर्ग आबादी ज्यादा है, एक बड़ी, अधूरी जरूरत को पूरा करने में मदद कर सकता है। बजट राज्यों को 5 क्षेत्रीय मेडिकल हब बनाने में सहायता देने के लिए एक योजना पेश करता है, जिसमें साफ तौर पर कहा गया है कि इससे अलग-अलग तरह के रोज़गार के अवसर पैदा होंगे। एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट, गेमिंग और कॉमिक्स (AVGC) या 'ऑरेंज इकोनॉमी' के रचनात्मक क्षेत्रों को भविष्य में रोजगार सृजन के एक और रास्ते के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें यह वादा किया गया है कि 15,000 स्कूलों और 500 कॉलेजों में AVGC कंटेंट क्रिएटर लैब स्थापित किए जाएंगे।

### सैर सपाटा

# 50 पार करने से पहले घूम आइये भारत की 5 सुंदर जगहें, यहां मिलेगा फुल एडवेंचर और सीखेंगे जीने की असली कला

कहते हैं मरने से पहले आपको वो सब काम कर लेने चाहिए, जो आपने खुद के लिए कभी सोचे हो या उन्हें सपने में देखा हो। कई लोग जिंदगी भर घूमने का प्लान बनाते रहते हैं लेकिन कभी इसे पूरा नहीं कर पाते। कभी घर की जिम्मेदारियां बीच में आ जाती हैं, तो कभी बजट का इश्यू। जिंदगी में सबकुछ अपने हिसाब से चलता रहेगा और आपकी उम्र रफ्तार में भागती रहेगी। उम्र खत्म होने से पहले अगर आपने जिंदगी के मजे नहीं लिएं, तो क्या खाक जिंदगी जी। ऐसा पछतावा बाद में न हो इसके लिए समय रहते ही ट्रिप प्लान करें। जी हां, मरने के बाद स्वर्ग मिलेगा या नहीं लेकिन जीते जी आंखों से स्वर्ग का नजारा देखना कोई बुरा आइडिया नहीं है। आज हम आपको ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो एडवेंचर के लिए मशहूर हैं और यहां पहुंचते ही आपको फिर से जीने का मन करेगा और जिंदगी को लेकर आपका नजरिया बदल जाएगा। 50 की उम्र गुजरने से पहले इन जगहों पर एक बार जरूर घूमने जाएं। चलिए बताते हैं हम किन जगहों के बारे में बात कर रहे हैं-

## कहां घूमने का बनाएं प्लान-

### 1- जिम कॉर्बेट



50 की उम्र के बाद हड्डियां बोल जाती है और अगर आप जिंदगी में एडवेंचर फील करना चाहते हैं, तो जिम कॉर्बेट जाएं। ये भारत का सबसे पुराना नेशनल पार्क है और यहां पर शेर, हाथी, हिरण सब देखने को मिलेंगे। यहां आप दोस्तों या परिवार के साथ जाएं और सफारी का मजा लें। आप ढिकाला जोन, बिजरानी जोन, कॉर्बेट फॉल्स घूमने जाएं और वहां के मजे लें। नवंबर से जून के बीच ही सफारी करने का मजा आएगा।

### 2- मेघालय



मेघालय का भारत का सबसे साफ प्रदेश माना जाता है और इसे ईस्ट का स्कॉटलैंड भी कहते हैं। मेघालय की खूबसूरती, साफ नदी का बहता पानी, झरने, हरियाली, शांति आपको वही बसने के लिए प्रेरित करेंगे। मेघालय जाकर आपको लगेगा भागदौड़ भरी जिंदगी छोड़ दी जाए। यहां पर चेरापूंजी, शिलांग, दाउकी नदी, लिविंग रूट ब्रिज जैसी जगहों पर घूमने जाएं।

### 3- जम्मू कश्मीर



धरती पर कही स्वर्ग है तो वही यही है, ऐसा आप हमेशा से पढ़ते-सुनते आ रहे होंगे। तो फिर जीते जी उस स्वर्ग को देखने का सौभाग्य भी प्राप्त करें और जम्मू कश्मीर जाएं। जम्मू जाने के लिए अब साधन की कमी नहीं है और 3 दिन की ट्रिप यहां के लिए परफेक्ट रहेगी। यहां आपको बर्फीली वादियां, सुकून, शांति, सुंदर नजारे, चादर ओढ़े पेड़ दिखेंगे। यहां आप आइस स्पोर्ट्स का मजा लें। घूमने के लिए श्रीनगर (डल लेक, हाउसबोट), गुलमर्ग (स्नो स्पोर्ट्स), पहलगाम, सोनमर्ग जाएं।

### 4- अंडमान-निकोबार द्वीप



बीच लवर है और विदेश जाने का मूड नहीं है, तो अंडमान-निकोबार जाएं। यहां पर समुद्र की शांति, सुंदरता आपका मन मोह लेगी। अंडमान में साफ पानी दिखेगा और यहां पर एशिया के बेस्ट स्कूबा डाइविंग स्पॉट्स भी हैं। आप स्कूबा डाइविंग का मजा लेते हुए समुद्रों के जीवों को हैलो कहें। यहां पर आप हैवलॉक आइलैंड, नील आइलैंड, सेल्युलर जेल, राधानगर बीच जैसी जगहों पर जाएं और अक्टूबर से मई तक का समय बेस्ट रहेगा।

### 5- दमन एंड दीव



दमन और दीव पहले एक केंद्र शासित प्रदेश हुआ करते थे और फिर साल 2020 से दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव नाम के एक ही केंद्र शासित प्रदेश में मिला दिया गया है। आज भी लोग इसे दमन और दीव के नाम से बुलाते हैं और यहां घूमने जाते हैं। शांति, सुकून चाहिए तो यहां चले जाएं। धार्मिक स्थलों के लिए भी ये जगह परफेक्ट है और बीच वेकेशन मनाने के लिए भी। यहां पर पुर्तगाली आर्किटेक्चर देखने को मिलेगा और कई सुंदर जगहों, चर्च देखें। अक्टूबर से मार्च के बीच यहां घूमने जाएं।

Bihar

# हो जाएं सावधान! इस राज्य में हुई बर्ड फ्लू की एंट्री, एक साथ 150 से ज्यादा कौओं की मौत से मचा हड़कंप

**भागलपुर, (एजेंसी)** बिहार के भागलपुर जिले के नवगछिया अनुमंडल परिसर स्थित मैदान में बड़ी संख्या में मृत मिले कौओं में बर्ड फ्लू वायरस की पुष्टि होने के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया है। जांच रिपोर्ट सामने आते ही जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है और प्रभावित क्षेत्र में एहतियाती कदम तेज कर दिए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, 11 जनवरी की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने एक ही स्थान पर पेड़ के नीचे 150 से अधिक मृत कौओं को देखा था। कई कौए तड़पती अवस्था में भी पाए गए थे, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। सूचना मिलते ही वन



विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सभी मृत पक्षियों को सुरक्षित तरीके से हटाया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग और पशुपालन विभाग की संयुक्त टीम ने मृत कौओं के सैंपल एकत्र कर जांच के लिए पटना और भोपाल की उच्च स्तरीय लैब में भेजे थे। भोपाल लैब से आई रिपोर्ट में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि हुई है। जिला पशुपालन पदाधिकारी अंजली कुमारी ने आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि रिपोर्ट मिलते ही पूरे प्रभावित क्षेत्र के चारों ओर 10 किलोमीटर के दायरे में सेनेटाइजेशन अभियान शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही इलाके के सभी पोल्ट्री फार्म से सैंपल लेकर जीरो सर्विलेंस के तहत जांच की जा रही है।

Maharashtra

# 'नया मोबाइल दिला दो...'नहीं माना पति तो साढ़े तीन साल के मासूम संग कुएं में कूद गई महिला

**बीड, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के बीड जिले से एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है. यहां एक 24 साल की महिला ने पति द्वारा नया मोबाइल फोन न दिलाए जाने से नाराज होकर अपने साढ़े तीन साल के बेटे के साथ कुएं में कूदकर जान दे दी. यह हृदयविदारक घटना बीड तालुका के लिंबारूई इलाके की है.

मृतक महिला की पहचान प्राजक्ता उर्फ 24 साल की राधा रामेश्वर दराडे के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, प्राजक्ता पिछले कुछ दिनों से अपने पति रामेश्वर बाबासाहेब दराडे से नया मोबाइल दिलाने की मांग कर रही थी. पति द्वारा मोबाइल दिलाने में असमर्थता जताने पर दोनों के बीच विवाद हुआ. इसी विवाद और गुस्से के आवेश में आकर प्राजक्ता ने अपने 3 साल 5 महीने के मासूम बेटे वेदांत के साथ खेत के कुएं में छलांग लगा दी.

यह घटना 31 दिसंबर 2025 को घटित हुई थी. शुरुआत में पुलिस ने इसे आकस्मिक मृत्यु (ADR) के तौर पर दर्ज किया था. हालांकि, गहन जांच और पति के पूरक बयान के बाद चौंकाने वाला सच सामने आया. तारीख 31 जनवरी 2026 को इस मामले में विस्तृत एफआईआर दर्ज की गई. धमासूम वेदांत को पानी में डुबोकर मारने के आरोप में मृत मां (प्राजक्ता) के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है. बीड ग्रामीण थाना के पुलिस निरीक्षक अशोक मुदिराज मामले की आगे की जांच कर रहे हैं.

एक मामूली मोबाइल फोन के लिए दो जिंदगियों के इस तरह दुखद अंत ने पूरे लिंबारूई परिसर को झकझोर कर रख दिया है. समाजशास्त्री और विशेषज्ञ ऐसी घटनाओं को बढ़ते मानसिक तनाव और छोटी-छोटी बातों पर अनियंत्रित होते गुस्से का परिणाम मान रहे हैं.

Jammu

# सुबह-सुबह भूकंप के झटकों से कांपी भारत की धरती, डरे सहमे लोग घरों से निकले बाहर

**जम्मू, (एजेंसी)** सोमवार सुबह करीब 5:35 बजे कश्मीर घाटी में मध्यम तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके भारत के साथ-साथ पाकिस्तान के कुछ इलाकों में भी महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र हनजीवेरा बाला के पास था, जो श्रीनगर से लगभग 23 किलोमीटर दूर स्थित है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.6 आंकी गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक, इसका केंद्र अपेक्षाकृत कम गहराई पर (शैलो डेप्थ) था, इसलिए सतह पर झटके ज्यादा महसूस हुए। आमतौर पर कम गहराई वाले भूकंपों में कंपन अधिक तीव्र लगते हैं, भले ही उनकी तीव्रता बहुत ज्यादा न हो।



Uttarpradesh

# बाराबंकी के बाद अब सोनभद्र में टोलकर्मियों की दबंगई आई सामने, महिला वकील समेत 3 को पीटा, अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश

**सोनभद्र, (एजेंसी)** यूपी के बाराबंकी में टोलकर्मियों की गुंडई का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि सोनभद्र से ऐसा ही एक और मामला सामने आ गया. इस घटना में महिला वकील के साथ मारपीट की गई. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है. मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

दरअसल, रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के लोढ़ी टोल प्लाजा पर एक महिला अधिवक्ता और उनके साथियों संग टोलकर्मियों ने मारपीट की. इसमें महिला अधिवक्ता सहित एक अन्य महिला और उनके साथ के व्यक्ति को चोटें आई हैं. घटना की सूचना पाकर भारी संख्या में वकील जिला अस्पताल पहुंच गए. मौके की नजाकत को



देखकर भारी पुलिस बल भी अस्पताल पहुंच गया और पीड़ितों से जानकारी ली. पीड़ित महिला अधिवक्ता ने टोल कर्मियों पर आरोप लगाया कि काफी देर से उनकी गाड़ी टोल पर लाइन में खड़ी थी. जब इसका कारण पूछने के लिए उनका एक साथी टोलकर्मी के पास गया तो वो भड़क गया.

खेल

# अंडर-19 विश्वकप के सेमीफाइनल में शान से पहुंचा भारत, 194 पर ऑलआउट हुई फिसड्डी पाकिस्तान टीम

**बुलावायो, (एजेंसी)** आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स मुकाबले में भारत ने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हर विभाग में पछाड़ते हुए 58 रनों से करारी शिकस्त दी और शानदार अंदाज में सेमीफाइनल का टिकट कटा लिया। यह मुकाबला सिर्फ जीत नहीं, बल्कि पाकिस्तान की रणनीति और इरादों की पूरी तरह पोल खोलने वाला रहा।



टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय अंडर-19 टीम ने 252 रन बनाए थे और पाकिस्तान को ये लक्ष्य सेमीफाइनल में पहुंचने और अपना नेट रन रेट बेहतर करने के लिए 33.3 ओवर में 253 रन का लक्ष्य हासिल करना था। लेकिन पाकिस्तान की अंडर-19 टीम ऐसा नहीं कर सकी और 46.2 ओवर में 194 के स्कोर पर ही ऑलआउट हो गई। भारत के लिए इस मुकाबले में आयुष म्हात्रे और खिलान पटेल ने तीन-तीन विकेट झटके।

भारत की इस धमाकेदार जीत के नायक रहे युवा ऑलराउंडर कनिष्क चौहान, जिन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से पाकिस्तान की कमर तोड़ दी। निचले क्रम में 29 गेंदों में ताबड़तोड़ 35 रन ठोककर उन्होंने भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। इसके बाद गेंदबाजी में 10 ओवर में सिर्फ 30 रन देकर पाकिस्तान की रनगति पर ब्रेक लगा दिया। कनिष्क को अंतिम ओवरों में खिलान पटेल (21*) का अच्छा साथ मिला और दोनों ने आठवें विकेट के लिए 5.1 ओवर में 50 रन जोड़कर पाकिस्तान के हौसले पूरी तरह तोड़ दिए।

253 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान को बेहतर रनरेट के लिए 33.3 ओवर में लक्ष्य हासिल करना था, लेकिन उनकी बल्लेबाजी देखकर ऐसा लगा जैसे टीम को लक्ष्य की कोई जल्दी ही नहीं थी। पिच से स्पिनरों को मदद मिलते ही पाकिस्तान की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई। खिलान पटेल (3/35) और कप्तान आयुष म्हात्रे (3/21) ने बीच के ओवरों में रन बनाना लगभग नामुमकिन कर दिया। एशिया कप के हीरो कहे जाने वाले समीयर मिन्हास भी कुछ खास नहीं कर सके और ऑफ-कटर पर पवेलियन लौट गए।

एक छोर से डॉट बॉल्स, दूसरे छोर से विकेट के साथ भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान को सांस तक नहीं लेने दी। विकेट गिरते गए और रन रुकते गए। आखिरकार पूरी पाकिस्तानी टीम 194 रन पर ढेर हो गई, और भारत ने 58 रनों की बड़ी जीत दर्ज की।

इस जीत के साथ भारत सेमीफाइनल में पहुंच चुका है, जहां उसका सामना अफगानिस्तान से होगा। दूसरी ओर, पाकिस्तान का विश्व कप सफर इस मैच के साथ खत्म हो गया।

सिनेमा

# नहीं रहे फेमस म्यूजिक डायरेक्टर और कंपोजर अभिजीत मजूमदार कई महीनों से थे बीमार



**मुंबई.** मनोरंजन जगत से हाल ही में एक दिल तोड़ देने वाली खबर सामने आ रही हैं। मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर और कंपोजर अभिजीत मजूमदार अब इस दुनिया में नहीं रहे। काफी महीनों से बीमार अभिजीद जिंदगी की जंग हार गए और 25 जनवरी को इस दुनिया को अलविदा कह गए हैं। 54 साल की उम्र में कंपोजर के निधन की खबर से म्यूजिक इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है और उनके फैंस भी काफी भावुक नजर आ रहे हैं। अभिजीत मजूमदार कई महीनों से बीमार थे और उनका AIIMS भुवनेश्वर में इलाज चल रहा था, लेकिन लंबे इलाज के बाद भी वो बच नहीं पाए और आज रविवार को इस दुनिया को अलविदा कह गए। अभिजीत मजूदार की 27 अगस्त, 2025 को अचानक तबीयत बिगड़ी थी। पहले उन्हें कटक के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां जांच में उनके सोडियम लेवल में भारी गिरावट पाई गई। हालत गंभीर होने पर 31 अगस्त को उन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया गया था। इसके बाद ज्यादा सीरियस होने पर उन्हें 4 सितम्बर को AIIMS भुवनेश्वर के इमरजेंसी वार्ड लाया गया। उस समय वे कोमा जैसी स्थिति में थे। उन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया गया और फिर वेंटिलेटर पर शिफ्ट किया गया।




1. Fans, ACs, chairs missing from bungalow vacated by Tej Pratap: Bihar Minister
2. They don't want to lose again: BJP's Thakur on Pak boycotting match vs India
3. 'Chicken's Neck' corridor is our land, no one can touch it: Shah
4. Boy dies weeks after dog bite in Maha, hospital says he received anti-rabies shots
5. Cigarette prices surge up to ₹55 per pack after excise duty hike

# Budget 2026 extends tax filing deadlines, simplifies forms for




**NEW DEIHI, (Agency).** The Union Budget 2026–27 did not introduce any changes to income tax rates, but announced several targeted measures to ease the compliance burden for individuals and small taxpayers, part of a broader government effort to simplify tax administration and reduce procedural friction.

Income tax (I-T) filing due date was extended for certain category of taxpayers. Taxpayers filing ITR 3 and ITR 4 forms can file their tax returns by August 31 for non-audit business cases and trusts, instead of July 31.

Simpler form 15G, 15H filing

In a move to ease compliance, the Budget proposed that investors holding securities of multiple companies — and earning dividend income or interest income — will now just have to submit form 15G or form 15H to the depository, rather than each of the companies.

Form 15H is required to be submitted by senior citizens seeking exemption on tax deduction at source (TDS) on dividend income. It is a self-declaration form stating that their total income is below the taxable limit and hence TDS can be exempted. Form 15G is required to be submitted by non-senior citizens for the same exemption.

In a move expected to ease the tax burden on people buying foreign tour packages, Budget 2026 has proposed reducing the tax collected at source (TCS) from 5% and 20% to a uniform 2%, irrespective of the amount spent.

Currently, packages up to ₹10 lakh attract 5% TCS and those in excess of ₹10 lakh attract 20%.

The Budget has also proposed lowering the TCS rate on expenses incurred for pursuing education and for medical treatment abroad under the Liberalised remittance scheme (LRS). These categories currently attract a 5% TCS in excess of ₹10 lakh, which is now proposed to be lowered to 2%, easing the upfront tax impact on families funding overseas education or medical care.

# Xiaomi 17 Ultra By Leica edition rebels against AI-overwhelmed photography

**NEW DEIHI, (Agency).** There is a very clear direction of this flagship phone that puts it at odds with the general approach by most cutting edge smartphone imaging systems at this moment in time. While the rest inevitably chase the sharpest details, best accuracy and most realistic artificial intelligence (AI) intervention, the Xiaomi 17 Ultra By Leica is going for



something that has typically been its partner Leica's forte — realism, the essence of the moment photographed, and the emotion of it all. It is absolutely not to say that Xiaomi isn't chasing the best dynamic range, shadow representation and accurate night photography, but for once, the imperfections of a human in the frame or the creases in the world we photograph, are allowed to shine. To not be ironed by an algorithm. A logical successor for the very impressive Xiaomi 15 Ultra?

This astonishing and unedited photo of the Lotus Temple captured handheld at 120x zoom, using a Xiaomi 17 Ultra by Leica, with AI off.

# मनोज परमार के आदेश पर अखिल भारतीय बलाई महासंघ की टीम ने किया अंतिम संस्कार





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। बलाई समाज के एक गरीब दलित परिवार की बिटिया सोनिया निसोद का निधन हो गया मृतिका सोनिया निसोद पति दुर्गेश निसोद निवासी ग्राम एवं पोस्ट शिवपुर,तहसील सिवनी मालवा,शिवपुर होशंगाबाद की निवासी थी जिनका पहले टी.बी. की बीमारी के चलते कुछ दिन होशंगाबाद जिला हॉस्पिटल में इलाज चला परन्तु आराम नहीं होने के कारण ओर लगातार तबियत बिगड़ने के कारण, परिजन उनको जैसे तैसे रुपयों की व्यवस्था कर इंदौर के एम.वाय. हॉस्पिटल लेकर आए जहां कुछ दिन इलाज चला, इलाज के दौरान सोनिया निसोद पति दुर्गेश निसोद की मृत्यु हो गई, चुकी गरीब परिवार होने के कारण एवं बीमारी के चलते दुर्गेश की आर्थिक स्थिति बिल्कुल भी ठीक नहीं थी, और अंतिम संस्कार के लिए भी पैसे नहीं


सुकलाम् सेवा न्यास
पूर्णतः निःशुल्क सेवा
अन्तिम आवरण
दिनांक 31-01-2026
श्री सोनिया निसोद पति दुर्गेश निसोद
पता शिवपुर
फोन/मोबाईल नं. 7838771303
परिजन की मृत्यु का कारण (शासकीय योजना हेतु) टी.बी. बीमारी

थे दुर्गेश निसोद के ठेकेदार संदीप आटोदिया को जब यहां जानकारी मिली तो, उन्होंने तुरन्त दलितों के मसीहा मनोज परमार से मदद मांगी, मनोज परमार ने तत्काल रूम से अपनी टीम को आदेश दिया कि दुर्गेश निसोद की पूरी तरह से मदद की जाए एवं अंतिम संस्कार में जो भी खर्चा होगा वोह में दूंगा, मनोज परमार के आदेश का पालन करते हुए चिड़ार समाज के इन्दौर जिला सचिव नितिन चंदेल मदद के लिए आगे आए और अखिल भारतीय बलाई महासंघ के महेन्द्र सुनेल, सचिन सिंधल, सतीश सिंधल, और लखन देपाले इंदौर वाले मदद के लिए आगे आए चूंकि होशंगाबाद में मृतिका के परिजन रहते थे तो आने में श्याम हो गई जिससे अंतिम संस्कार उस दिन ना होते हुए परिजन के आने के बाद अगले दिन सोनिया निसोद का अंतिम संस्कार अखिल भारतीय बलाई महासंघ की टीम द्वारा किया गया एवं मुखाग्नि सोनिया के देवर और चिड़ार समाज के इन्दौर जिला सचिव नितिन चंदेल ने दी एवं अखिल भारतीय बलाई महासंघ की पूरी टीम ने अंतिम संस्कार विधि पूर्वक संपन्न किया सोनिया निसोद के ससुर और देवर जो कि बलाई समाज से आते है उन्होंने ने कहा कि पैसों की तंगी के कारण हम अंतिम संस्कार नहीं कर पाए और अंजान शहर में कोई मदद करने वाला भी नहीं था अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार हमारे परिवार के लिए मसीहा बनकर मदद के लिए आगे आए और उनकी पूरी टीम मदद के लिए आगे आई उसके लिए मनोज परमार और उनकी टीम का दिल से धन्यवाद ओर कहा कि हम आपका यह एहसान का ही नहीं भूलेंगे।

"NewsPaper"NewsPortal"NewsChannel
डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

विज्ञापनों और ख़बरों के लिए बड़ा धमाका!

अब अपने व्यापार, ईवेंट या जाहिर सूचना को पहुँचाएँ जन-जन तक।

सेवाएँ : समाचार, विज्ञापन, जाहिर सूचना और कानूनी नोटिस।

रेट : बाज़ार में सबसे कम (न्यूनतम दर)।

अपनी फाइल अभी भेजें और उचित स्थान पाएँ।

संपर्क :
मनीष धार्मिक
मो. 9770313335




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक